प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 03.03.2025 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1. स्कूली छात्राओ से छेडछाड व जान से मारने की नियत से कार चलाने के अभियोग में वांछित आरोपी गिरफ्तार थाना सिविल लाईन्स।

अवगत कराना है कि दिनांक 07.02.2025 को वादी श्री विनीत मोहन टंडन पुत्र जगमोहन टंडन निवासी टीडीआई सिटी थाना सिविल लाइन जनपद मुरादाबाद नें अभियुक्तगणो द्वारा वादी की पुत्री व उसकी साथी लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करने व विरोध करने पर जान से मारने की नियत से सभी लड़कियों के ऊपर कार चढ़ा देना जिससे सभी लड़कियों के गंभीर चोटे आने के संबंध में थाना सिविल लाईन्स पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना सिविल लाईन्स पर मु0अ0स0 88/2025 धारा 191(2),74,109, बीएनएस बनाम दिव्यान्शु आदि 05 आरोपीगण के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। विवेचना /साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा- 190, 77,78,79 बीएनएस व 11/12 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 03.03.2025 को थाना सिविल लाईन्स पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित चल रहे अभियुक्त दिव्यान्शु पुत्र अमरीश बाबू निवासी हिमगिरि कालोनी कांठ रोड थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। मुकदमा उपरोक्त के 04 आरोपियो को थाना सिविल लाईन्स पुलिस द्वारा पूर्व मे ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है । अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

दिव्यान्शु पुत्र अमरीश बाबू निवासी हिमगिरि कालोनी कांठ रोड थाना सिविल लाईन्स मुरादाबाद उम्र 17 वर्ष।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 कुलदीप राणा थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद
2. मुख्य आरक्षी सोनू कुमार थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।
3. आरक्षी बाबर थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।

2-जनपदीय पुलिस द्वारा 03 वारंटी को किया गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कटघर पुलिस द्वारा 01 वारंटी, थाना बिलारी द्वारा 02 वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

थाना कटघर पुलिस द्वाराः-

1- वारण्टी अभियुक्त प्रेमचन्द्र पुत्र जानकी प्रसाद निवासी पुराना बजार कस्बा व थाना नवाव गंज थाना बरेली हाल पता पीतलनगरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद संबंधित वारण्ट मुकदमा सं0 1592/18 अपराध सं0 360/2001 धारा 15 वन्य जीव अधिनियम।

थाना बिलारी पुलिस द्वाराः-

1. वारण्टी अभियुक्त राजेन्द्र पुत्र लल्लू सिंह निवासी ग्राम सहसपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद
2. वारण्टी अभियुक्त नफीस पुत्र मौ0 हनीफ निवासी ग्राम सहसपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद संबंधित वारण्ट मुकदमा न0-14482/17 अ0सं0 267/16 धारा 13 जी एक्ट।

4. जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 06 आरोपीगण को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 03.03.2025 को जनपदीय पुलिस द्वारा 06 आरोपीगण को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

थाना कटघर—

1. अर्जुन सिंह पुत्र राम सिंह निवासी बल्देवपुरी पीतलबस्ती थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
2. रोहित सैनी पुत्र बब्लू सैनी
3. अंकित सैनी पुत्र जय सिंह
4. महेश सैनी पुत्र शिवकुमार सैनी निवासीगण देहरी गावं हनुमान मूर्ति के पास थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

थाना सोनकपुरः-

1. रणवीर पुत्र फूल सिंह
2.रघुराज पुत्र फूल सिंह निवासीगण नगला गुर्जर थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद।